भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3916**

उत्तर देने की तारीख- 19/12/2024

**प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान**

3916. श्री राजकुमार रोत:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनजाति बहुल क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (पीएमजेयूजीए) के अंतर्गत चयनित, लाभान्वित और शेष बचे गांवों का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या जनजातीय समुदायों के लिए उक्त योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और अवसंरचना का निर्माण किया जाता है और यदि हां, तो बांसवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत डूंगरपुर-बांसवाड़ा में किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का विचार योजना के लिए बजट बढ़ाकर योजना का दायरा बढ़ाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके कब तक पूरा होने की संभावना है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

**(क) और (ख):** माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (बजट घोषणा 2024-25 के अनुसार नाम) को 2 अक्टूबर, 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के रूप में शुरु (लॉन्च) किया गया है। अभियान में 17 संबंधित मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 25 उपाय शामिल हैं और इसका उद्देश्य 63,843 गांवों में बुनियादी ढांचे के अतरों को पूरा करना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं तक पहुंच में सुधार करना और 5 वर्षों में 30 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के 549 जिलों और 2,911 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातियों को लाभान्वित करते हुए आजीविका के अवसर प्रदान करना है जिसमें बासंवाड़ा संसदीय विर्वाचन क्षेत्र के 1538 गांव शामिल हैं। इस अभियान के तहत अजजा आबादी के साथ-साथ जिलों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कवरेज **अनुलग्नक-I** में है। प्रत्येक मंत्रालय को अभियान के तहत बजट और लक्ष्य आवंटित किए गए हैं और वह उसे सौंपे गए उपायों को क्रियान्वित (लागू) करने के लिए जिम्मेदार है। अभियान का उद्देश्य अभिसरण और आउटरीच (पहुंच) के माध्यम से संतृप्ति प्रदान करना है। राजस्थान सहित किसी विशेष राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में लाभार्थियों का वास्तविक कवरेज संबंधित उपायों के विशिष्ट दिशानिर्देशों की पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन है।

**(ग):** चूंकि यह अभियान 2 अक्टूबर, 2024 को शुरू किया गया है और 79,000 करोड़ रुपये से अधिक बजट के साथ 2024-25 से 2029-30 तक 5 वर्षों की अवधि के लिए है।

**अनुलग्नक-I**

**"प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान" के संबंध में श्री राजकुमार रोत द्वारा दिनांक 19.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3916 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर के संबंध में संदर्भित अनुलग्नक**

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत गांवों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कवरेज

| **क्र.सं.** | **राज्य के नाम** | **गांवों की कुल संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 878 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 329 |
| 3 | असम | 3161 |
| 4 | बिहार | 771 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 6691 |
| 6 | गोवा | 25 |
| 7 | गुजरात | 4265 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 270 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 393 |
| 10 | झारखंड | 7139 |
| 11 | कर्नाटक | 1089 |
| 12 | केरल | 89 |
| 13 | लद्दाख | 143 |
| 14 | लक्षद्वीप | 2 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 11377 |
| 16 | महाराष्ट्र | 4975 |
| 17 | मणिपुर | 516 |
| 18 | मेघालय | 1437 |
| 19 | मिजोरम | 383 |
| 20 | नागालैंड | 608 |
| 21 | ओडिशा | 7667 |
| 22 | राजस्थान | 6019 |
| 23 | सिक्किम | 119 |
| 24 | तमिलनाडु | 248 |
| 25 | तेलंगाना | 924 |
| 26 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 76 |
| 27 | त्रिपुरा | 392 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 517 |
| 29 | उत्तराखंड | 128 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 3212 |
| **कुल** | | **63843** |

*****